HINDI

# प्रयोग के लिए निर्देश

**सटीक परिणाम प्राप्त करने के लिए आपको परीक्षण निर्देशों का सावधानी से अनुसरण करना चाहिए।** परीक्षण शुरू करने से कम से कम 15 मिनट पहले से न तो कुछ खाएँ और न ही पिएँ, अथवा मुँह साफ करने वाले उत्पादों का प्रयोग परीक्षण शुरू करने से 30 मिनट पहले करें।


**चेतावनी: यदि आपकी एचआईवी चिकित्सा (एआरवी) हो रही है, तो आपको असत्य परिणाम प्राप्त हो सकता है।**

निर्देशों को देखें

www.oraquickhivselftest.com

ORAQUICK®
HIV SELF-TEST

## ORAQUICK® एचआईवी स्वतः-परीक्षण किट का प्रयोग कैसे करें





आपको परीक्षण के समय आकलन के लिए एक विधि की आवश्यकता होगी




पाउच में शामिल होते हैं: **परीक्षण किट, परीक्षण स्टैंड** और **प्रयोग के लिए निर्देश।**




आपकी परीक्षण किट में दो पाउच होते हैं।




जिस पाउच में **ट्यूब** होती है, उसे फाड़ें।




कैप (ढक्कन) को हटाएँ।




तरल पदार्थ को उड़ेलें **नहीं**। पीएँ **नहीं**।




ट्यूब को **स्टैंड** में डालकर सरकाएँ।





जिस पाउच में **परीक्षण उपकरण** है, उसे फाड़ें, और हटाएँ। चपटे पैड को अपनी उंगलियों से **मत** छुएँ। प्रिज़र्वेटिव (परिरक्षक) को **न** तो खाएँ, न ही निगलें।




**चपटे (समतल) पैड** को अपने मसूड़े पर जोर से दबाएँ और उसे **एक बार अपने ऊपरी मसूड़े पर** फिराएँ (चित्र 1) तथा **एक बार अपने निचले मसूड़े पर फिराएँ** (चित्र 2)।





**चपटे पैड** को ट्यूब में तब तक घुसाते जाएँ, जब तक वह तल को नहीं छूता।




**परिणामों को पढ़ने से पहले उसे वहीं पर 20 मिनट तक छोड़ दें। 40 मिनट बीत जाने पर परिणामों को मत पढ़ें।**

## परिणामों की व्याख्या करना — परिणामों को अच्छी तरह प्रकाशित स्थान पर पढ़ें

### एचआईवी धनात्मक परिणाम




दो पूरी लाइनों (रेखाओं), भले ही वे धुँधली हों, का मतलब यह है कि आप एचआईवी पॉज़िटिव (धनात्मक) हैं, और आपको अतिरिक्त परीक्षण की आवश्यकता है।

→ **यथाशीघ्र . . .**

**अपने निकटतम एचआईवी परीक्षण केंद्र या स्वास्थ्य केन्द्र पर जाएँ**

### एचआईवी ऋणात्मक परिणाम

**यदि 20 मिनट से पहले पढ़ते हैं, तो संभव है कि परिणाम सही न हों**




"सी" के आगे एक लाइन और "टी" के आगे कोई लाइन न होने का मतलब है कि आपका परिणाम एचआईवी निगेटिव (ऋणात्मक) है।

→ परीक्षण नियमित रूप से कराएँ। यदि यह संभावना हो कि आप एचआईवी से प्रभावित हो चुके हैं, तो 3 महीने बाद पुनः परीक्षण कराएँ।

### अमान्य परिणाम




"सी" के आगे किसी लाइन के न होने (भले ही "टी" के आगे कोई लाइन हो), या लाल पृष्ठभूमि के कारण परीक्षण को पढ़ पाना असंभव हो जाता है, इसका अर्थ यह है कि परीक्षण कामयाब नहीं हुआ और उसे दोहराया जाना चाहिए।

**और आपको एक अन्य परीक्षण कराने की आवश्यकता होगी।**

→ परीक्षण ने उचित ढंग से कार्य नहीं किया।

पुनः परीक्षण कराने के लिए अपने निकटतम एचआईवी परीक्षण केंद्र या स्वास्थ्य केंद्र पर जाएँ।

### परिणाम के बारे में निश्चित नहीं

आप अपने परिणाम को नहीं जानते या अपने परिणाम के बारे में निश्चित नहीं हैं।

→ पुनः परीक्षण कराने के लिए अपने निकटतम एचआईवी परीक्षण केंद्र या स्वास्थ्य केंद्र पर जाएँ।

### फेंक दें

परीक्षण स्टिक को हटाएँ, परीक्षण ट्यूब पर कैप (ढक्कन) लगाएँ और सारी सामग्री को सामान्य कूड़ेदान में फेंक दें।

**केवल अनुसंधानात्मक प्रयोग के लिए • रोगी की देखभाल के लिए नहीं**

## उत्पाद सूचना

REF 5X4-1000, 5X4-1001, 5X4-2001

**केवल अमेरिका से बाहर प्रयोग के लिए**
***इन विट्रो* निदानात्मक प्रयोग • पुनः प्रयोग न करें**

### अभीष्ट प्रयोग

OraQuick® एचआईवी स्वतः परीक्षण इन-विट्रो परीक्षण करने वाला निदानात्मक चिकित्सीय उपकरण (IVD) है जिसे मुख-द्रव में एचआईवी-1 और एचआईवी-2 के लिए एंटीबॉडीज़ के स्वतः परीक्षण के वास्ते प्रयोग किया जाता है। यह परीक्षण संक्रमित व्यक्तियों में उपस्थित एचआईवी-1 और एचआईवी-2 के एंटीबॉडीज़ (रोग प्रतिकारकों) का पता लगाने में सहायता देने के लिए किया जाता है।

### परीक्षण का सारांश

OraQuick® एचआईवी स्वतः परीक्षण केवल एक बार प्रयोग किया जाने वाला, गुणात्मक इम्यूनोएसे (शरीर के द्रवों में प्रोटीन की मात्रा मापने वाला परीक्षण) है, जिसका प्रयोग मुख द्रव में ह्यूमन इम्युनोडेफिशियंसी (मानव शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता में कमी) वाइरस टाइप (विषाणु प्रकार) 1 (एचआईवी-1) और प्रकार 2 (एचआईवी-2) के एंटीबॉडीज़ का पता लगाने के लिए किया जाता है। OraQuick® एचआईवी स्वतः परीक्षण एचआईवी-1 और एचआईवी-2 से संक्रमण के निदान में सहायता के लिए आम प्रयोक्ताओं द्वारा स्वतः परीक्षण के रूप में प्रयोग किए जाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उपकरण को मुँह में इस तरह रखा जाता है कि चपटा पैड गाल और बाहरी मसूड़ों के बीच में रहे, और उसके बाद उसे पूरी मसूड़ा पंक्ति पर फाहे की तरह फिराया जाता है। उसके बाद उपकरण को विलयन की एक पूर्व मापित मात्रा से भरे ट्यूब में रखा जाता है। मसूड़ों की सतह पर मौजूद तरल पदार्थ चपटे पैड के जरिए उपकरण में प्रवेश करता है, उसके बाद एक परीक्षण स्ट्रिप (पट्टी) में प्रवाहित होता है। जब वह पूरी स्ट्रिप पर प्रवाहित होता है, तब यदि एचआईवी एंटीबॉडीज़ पाए जाते हैं, तो परिणाम विंडो के 'टी' (परीक्षण) क्षेत्र में एक रंगीन लाइन बनती है। यदि कोई एचआईवी एंटीबॉडी नहीं पाया जाता है, तो वहाँ कोई रेखा नहीं बनती है। यदि परीक्षण सही ढंग से किया जाता है, तो परिणाम विंडो के 'सी' क्षेत्र में एक लाइन बनती है। इसे नियंत्रण रेखा कहा जाता है।

### परीक्षण निष्पादन/प्रदर्शन

एक चिकित्सीय अध्ययन में, 900 ऐसे लोगों को, जो अपनी एचआईवी स्थिति से अनभिज्ञ थे, OraQuick® एचआईवी स्वतः-परीक्षण प्रयोग के लिए दिया गया। परिणामों की तुलना एक चौथी पीढ़ी के प्रयोगशाला परीक्षण से की गई। प्रयोगशाला परिणामों ने दर्शाया कि कुल 153 लोग एचआईवी पॉज़िटिव थे और 724 लोग एचआईवी निगेटिव थे। सात (7) लोगों को अध्ययन से अलग कर दिया गया। परिणामों की तुलना इस प्रकार थी:

- 99.4% लोगों (153 में से 152) ने सही ढंग से रिपोर्ट किया कि उनका परिणाम पॉज़िटिव था। इसका मतलब यह है कि एचआईवी संक्रमित 153 लोगों में से 1 व्यक्ति ने निगेटिव परीक्षण परिणाम रिपोर्ट किया। इसे असत्य निगेटिव (नकारात्मक) कहा जाता है।
- 99.0% लोगों (717/724) ने सही ढंग से रिपोर्ट किया कि उनके परिणाम नकारात्मक थे। इसका मतलब यह है कि 724 ऐसे लोगों में से, जो एचआईवी संक्रमित नहीं थे, 7 लोगों ने पॉज़िटिव (धनात्मक) परीक्षण परिणाम रिपोर्ट किया। इसे असत्य पॉज़िटिव (धनात्मक) कहा जाता है।
- इसके अलावा, केवल 1.8% अध्ययन प्रतिभागी (900 में से 16) परीक्षण परिणाम पाने में असफल रहे।




### किट सामग्री

- एक पाउच् (थैलीकृत) किट में होते हैं:
  - एक बार प्रयोग किए जा सकने वाले परीक्षण उपकरण, प्रिजर्वेटिव (परिरक्षक) और डेवलपर सॅलुशन (विलयन) की शीशी सहित विभाजित पाउच (5X4-0004)
  - परीक्षण स्टैंड
  - प्रयोग के लिए निर्देश

सामग्रियाँ अपेक्षित लेकिन उपलब्ध नहीं कराई गईं: क्लॉक, वॉच या टाइमिंग डिवाइस

### ⚠ चेतावनी और सुरक्षा उपाय

- एचआईवी परीक्षण करते समय अधिकतर लोग थोड़ी घबराहट महसूस करते हैं। लेकिन, यदि आप परीक्षण करने को लेकर काफी घबराहट महसूस कर रहे हैं, तो संभवतः आप उस समय तक प्रतीक्षा करना चाहेंगे, जब तक आप इसे करने के लिए अपेक्षाकृत अधिक शांत न हो जाएँ, या अपने डॉक्टर या स्थानीय क्लिनिक से परीक्षण कराना चाहेंगे।
- यदि आप एचआईवी पॉज़िटिव (धनात्मक) हैं, तो इस परीक्षण का प्रयोग **न करें**।
- केवल मुख-द्रव के साथ प्रयोग करें। यह परीक्षण रक्त, सीरम, स्तन के दूध, प्लाज़्मा, वीर्य, मूत्र, योनि-द्रव या पसीने के साथ प्रयोग करने के लिए नहीं है।
- परीक्षण शुरू करने से 15 मिनट पहले से कुछ खाएँ, पीएँ **नहीं**।
- परीक्षण शुरू करने से 30 मिनट पहले से मुख स्वच्छताकारी उत्पादों (जैसे कि माउथवाश यानी मुख प्रच्छालक) का प्रयोग **न करें**।
- मुख-द्रव एकत्र करने से पहले कृत्रिम दंतावली जैसे दंत उत्पादों या ऐसे किसी भी उत्पाद को, जो आपके मसूड़ों को ढकता हो, हटा दें।
- यदि हेरफेर को प्रत्यक्ष दिखने वाली, सील टूटी हो या पैकेज की कोई सामग्री गायब, टूटी अथवा खुली हो, तो इस परीक्षण का प्रयोग न करें।
- यदि आज का दिन पाउच के बाहर अंकित 'तक प्रयोग करें' के बाद का दिन है, तो इस परीक्षण का प्रयोग न करें।
- व्यक्तियों के पास परीक्षण परिणाम पढ़ने के लिए पर्याप्त प्रकाश होना चाहिए। यदि परीक्षण उपकरण पर "टी" और "सी" चिह्नित क्षेत्रों पर किसी भी स्तर के दर्शनीय गाढ़ेपन वाली दो लाइनें मौजूद हैं, तो परीक्षण परिणामों की व्याख्या पॉज़िटिव (धनात्मक) के रूप में की जाएगी।
- जब तक आप परीक्षण करने के लिए तैयार न हों, तब तक किसी भी पाउच को **न** खोलें।
- यदि परीक्षण सफाई करने वाले घरेलू उत्पादों (जैसे ब्लीच) के सम्पर्क में आ गया हो, तो उसका प्रयोग **न** करें।
- यदि आपने किसी एचआईवी परीक्षण में भाग लिया है, तो इस परीक्षण का प्रयोग करने पर आपको पॉज़िटिव (धनात्मक) परिणाम प्राप्त हो सकते हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि आप एचआईवी संक्रमित हैं। आपको अपने स्वास्थ्य केंद्र के साथ आगे की कार्रवाई पूरी करनी चाहिए।
- यदि आपकी उम्र 11 वर्ष या उससे कम है, तो इस परीक्षण का प्रयोग **न** करें।

30 °C
2 °C

#### संग्रहण

- इस परीक्षण को किसी ठंडे क्षेत्र में संग्रहण और कार्यान्वित करें।
- यदि इस परीक्षण को 2°-30° सेंटीग्रेट (36°-86° फारेनहाइट) की स्वीकार्य तापमान सीमाओं से बाहर स्टोर (संग्रह) किया हो, तो इस परीक्षण का प्रयोग **न** करें।
- यह परीक्षण 15°-37° सेंटीग्रेट (59°-99° फारेनहाइट) तापमान के दायरे में किया जाना चाहिए।

### परीक्षण की सीमाएँ

- सटीक परिणाम पाने के लिए OraQuick® एचआईवी स्वतः-परीक्षण किट निर्देशों का सावधानी से अनुसरण किया जाना चाहिए।
- यदि आपकी एचआईवी चिकित्सा (एआरवीएस) हो रही है, तो गलत परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।
- यदि आप एचबीवी, एचसीवी या एचटीएलवी (I/II) पॉज़िटिव (धनात्मक) हैं, तो आप असत्य परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।
- किसी अमान्य परिणाम के नतीजे के तौर पर मुँह से रक्तस्राव हो सकता है। यदि परीक्षण परिणाम अमान्य है, तो अपने निकटतम परीक्षण केंद्र या स्वास्थ्य देखभाल केंद्र पर जाएँ।
- चिकित्सीय डाटा उन व्यक्तियों में OraQuick® एचआईवी-स्वतः परीक्षण के कार्यनिष्पादन को प्रदर्शित करने के लिए एकत्र नहीं किया गया है, जिनकी PrEP चिकित्सा हो रही है।
- संभव है कि OraQuick® एचआईवी स्वतः-परीक्षण उन एचआईवी संक्रमणों का पता न लगा सके, जो बीते 3 महीनों से कम समय में हुए हैं।
- पॉज़िटिव (धनात्मक) परिणाम के लिए आवश्यक नहीं है कि परीक्षण लाइन का गाढ़ापन नमूने में एंटीबॉडी की मात्रा के बराबर हो।
- पॉज़िटिव (धनात्मक) परिणामों का समर्थन, एचआईवी निदान की पुष्टि के लिए, किसी प्रशिक्षण प्राप्त पेशेवर द्वारा किए गए एक अन्य परीक्षण का उपयोग करके किया जाना चाहिए।

### प्रश्न और उत्तर

1. ***परीक्षण क्या करता है?***
   OraQuick® एचआईवी स्वतः-परीक्षण मुख-द्रव में एचआईवी (एचआईवी-1 और एचआईवी-2) के लिए इन विट्रो (शरीर के बाहर) निदानात्मक स्वतः परीक्षण है। यह परीक्षण आपके शरीर के उन प्राकृतिक एंटीबॉडीज़ का, जो आपको संक्रमण से लड़ने में सहायता देते हैं, पता लगाने के जरिए कार्य करता है। इससे मिले पॉज़िटिव (धनात्मक) परिणाम प्रारंभिक माने जाते हैं और इन परिणामों के सही होने की पुष्टि के लिए किसी स्वास्थ्य केंद्र पर अतिरिक्त परीक्षण अपेक्षित होता है।
2. ***एचआईवी के लिए 'जोखिम वाली घटना' क्या है?***
   जोखिम वाली घटना निम्नलिखित में से किसी गतिविधि द्वारा परिभाषित की जा सकती है:
   - अनेक जोड़ीदारों के साथ यौन सम्बंध (योनिक, मौखिक या गुदा में)
   - किसी ऐसे व्यक्ति से यौन सम्बंध जो एचआईवी संक्रमित हो या जिसकी एचआईवी स्थिति को आप नहीं जानते हों
   - किसी पुरुष का अन्य पुरुष के साथ यौन सम्बंध
   - गैर-कानूनी इंजेक्टेड ड्रग्स या स्टेरॉयड्स का प्रयोग
   - साझा की गई सुइयाँ या सीरिंजेज़
   - पैसे के बदले यौन सम्बंध
   - हेपटाइटिस, ट्यूबरकुलोसिस (तपेदिक) या यौन सम्बंध के जरिए प्रसारित किसी रोग, जैसे कि सिफलिस का निदान किया गया हो, या उसके लिए चिकित्सा की गई हो
3. ***किसी जोखिम वाली घटान के बाद मैं अपना परीक्षण कितनी जल्दी करा सकता हूँ?***
   आप किसी भी समय परीक्षण कर सकते हैं; यदि आप किसी जोखिम वाली घटना के बाद 3 महीने बीतने से पहले इस परीक्षण का प्रयोग कर रहे हैं, और आपका परिणाम नकारात्मक है, तो संभव है कि आपका परिणाम सटीक न हो। सुनिश्चित होने के लिए, आपको 3 महीने बाद पुनः परीक्षण करना चाहिए। आपका परीक्षण किसी स्वास्थ्य केंद्र में भी किया जा सकता है।
4. ***मुझे यह परीक्षण जोखिम वाली घटना के तत्काल बाद क्यों नहीं करना चाहिए?***
   जब आप किसी एचआईवी वाइरस से संक्रमित होते हैं, तब आपका शरीर किसी प्राकृतिक एंटीबॉडीज़ का उत्पादन कर एचआईवी वाइरस से लड़ने का प्रयास करता है। ये एंटीबॉडीज़ आपके मुख-द्रव में पाए जा सकते हैं। परीक्षण द्वारा पता लगाए जा सकने के स्तरों पर एंटीबॉडीज़ बनाने में शरीर को 3 महीने लग सकते हैं।
5. ***परीक्षण कितना सटीक है?***
   एक चिकित्सीय अध्ययन में, 900 ऐसे लोगों को प्रयोग के लिए OraQuick® एचआईवी स्वतः-परीक्षण दिया गया, जो अपनी एचआईवी स्थिति से अवगत नहीं थे। परिणामों की तुलना एक चौथी पीढ़ी के प्रयोगशाला परीक्षण से की गई। प्रयोगशाला परिणामों ने दर्शाया कि कुल 153 लोग एचआईवी पॉज़िटिव थे और 724 लोग एचआईवी निगेटिव थे। सात (7) लोगों को अध्ययन से अलग कर दिया गया। परिणामों की तुलना इस प्रकार थी:
   - 99.4% लोगों (153 में से 152) ने सही ढंग से रिपोर्ट किया कि उनका परिणाम पॉज़िटिव था। इसका मतलब यह है कि एचआईवी संक्रमित 153 लोगों में से 1 व्यक्ति ने निगेटिव परीक्षण परिणाम रिपोर्ट किया। इसे असत्य निगेटिव (नकारात्मक) कहा जाता है।
   - 99.0% लोगों (717/724) ने सही ढंग से रिपोर्ट किया कि उनके परिणाम नकारात्मक थे। इसका मतलब यह है कि 724 ऐसे लोगों में से, जो एचआईवी संक्रमित नहीं थे, 7 लोगों ने पॉज़िटिव (धनात्मक) परीक्षण परिणाम रिपोर्ट किया। इसे असत्य पॉज़िटिव (धनात्मक) कहा जाता है।
   - इसके अलावा, केवल 1.8% अध्ययन प्रतिभागी (900 में से 16) परीक्षण परिणाम पाने में असफल रहे।
6. ***क्या इस परीक्षण को करने से मैं एचआईवी ग्रस्त हो सकता हूँ?***
   इस परीक्षण में इस प्रकार की कोई सामग्री या एचआईवी वाइरस नहीं होता, जिसके कारण एचआईवी संक्रमण हो।
7. ***एचआईवी के लिए किसी व्यक्ति को कितनी बार परीक्षण करना चाहिए?***
   यदि आपका एचआईवी परीक्षण कभी नहीं हुआ, तो आपका कम से कम एक बार परीक्षण किया जाना चाहिए। यदि आप इस प्रकार के कार्य करते हैं, (जोखिम वाली घटनाएँ) जिसके परिणामस्वरूप एचआईवी संक्रमण हो सकता है, तो आपका वर्ष में कम से कम एक बार परीक्षण किया जाना चाहिए (विश्व स्वास्थ्य संगठन की संस्तुति)। **यदि आप अनुभव करते हैं कि आपके एचआईवी संक्रमित होने का खतरा बढ़ रहा है, तो आपका परीक्षण नियमित रूप से किया जाना चाहिए।**
8. ***किसी निगेटिव (ऋणात्मक) परिणाम का क्या मतलब निकलता है?***
   किसी निगेटिव परिणाम का मतलब यह होता है कि परीक्षण ने किसी एंटीबॉडी का पता नहीं लगाया; लेकिन, परीक्षण द्वारा एचआईवी का पता लगाए जाने के लिए जोखिम वाली घटना के बाद से 3 महीने तक का समय लग सकता है। यदि जोखिम वाली घटना में आपके शामिल होने के बाद **कम से कम 3 महीने** बीत चुके हैं और आपने प्रयोग के लिए निर्देशों का सावधानी से अनुसरण किया है, तो संभावना है कि आप एचआईवी ग्रस्त नहीं हैं। यदि आपके जोखिम वाली घटना में शामिल होने के बाद **3 महीने** से कम समय बीता है, तो जोखिम वाली घटना के बाद **पूरे 3 महीने प्रतीक्षा करें** या अपने स्वास्थ्य केंद्र पर जाएँ।
9. ***यदि निगेटिव परिणाम प्राप्त होता है, तो मुझे क्या करना चाहिए?***
   यदि आप बीते **3 महीनों** में किसी जोखिम वाली घटना में शामिल नहीं रहे हैं, और आपने प्रयोग के लिए निर्देशों का सावधानी से अनुसरण किया है, तो अधिकतम संभावना है कि आप एचआईवी निगेटिव हैं। यदि आपने निर्देशों का सावधानी से अनुसरण नहीं किया है तो इसे सुनिश्चित करने के लिए कि आपके परिणाम सही हैं, आपको परीक्षण पुनः करना चाहिए। यदि आप बीते **3 महीनों** में किसी जोखिम वाली घटना में शामिल रहे हैं, तो आप 'विंडो अवधि' में हो सकते हैं। विंडो अवधि वह अवधि होती है, जब कोई व्यक्ति एचआईवी से संक्रमित हो चुका होता है, पर उसके शरीर ने अब तक एटीबॉडीज़ नहीं बनाया है। **यदि आप सोचते हैं कि आप बीते 3 महीनों में एचआईवी के सम्पर्क में आ चुके हैं**, तो आपको जोखिम वाली घटना के **3 महीने** के बाद एचआईवी के लिए पुनः परीक्षण करना चाहिए। यदि आप इस प्रकार की जोखिम वाली घटनाओं में लगातार शामिल रहते हैं, जो आपको एचआईवी ग्रस्त होने के जोखिम में डाल सकती हैं, तो आपको नियमित रूप से परीक्षण कराना चाहिए।
10. ***किसी पॉज़िटिव परिणाम का क्या मतलब निकलता है?***
    पॉज़िटिव परिणाम का यह मतलब है कि आप एचआईवी ग्रस्त हो सकते हैं। **परिणाम की पुष्टि के लिए किसी स्वास्थ्य केंद्र पर अतिरिक्त परीक्षण अवश्य कराया जाना चाहिए।**
11. ***यदि मुझे पॉज़िटिव परिणाम प्राप्त होता है, तो मुझे क्या करना चाहिए?***
    आपको परिणाम की पुष्टि के लिए अतिरिक्त परीक्षण कराने के उद्देश्य से किसी स्वास्थ्य केंद्र के साथ आगे की कार्रवाई करनी चाहिए। उस समय आपकी स्थानीय क्लिनिक, डॉक्टर, या स्वास्थ्य देखभाल करने वाला पेशेवर उन अगले कदमों के बारे में विचार-विमर्श करेगा जिन्हें उठाए जाने की आवश्यकता है।
12. ***क्या मैं इस परीक्षण के जरिए अयथार्थ 'असत्य' परिणाम प्राप्त कर सकता हूँ?***
    अयथार्थ 'असत्य' परिणाम निम्नलिखित में से किसी भी कारण से प्राप्त हो सकता है:
    - यदि आप किसी जोखिम वाली घटना में परीक्षण करने से पहले के 3 महीनों से कम अवधि में शामिल रहे हैं
    - परीक्षण परिणाम को गलत ढंग से निगेटिव पढ़ लेना
    - प्रयोग के लिए निर्देशों का अनुसरण सावधानी से न करना
    - यदि आप कृत्रिम दंतावली जैसे दंत उत्पादों को धारण करते हैं, अथवा ऐसा कोई अन्य उत्पाद धारण करते हैं, जो मसूड़ों पर फाहा फिराते समय उन्हें ढका रहता है
    - यदि आप किसी मौखिम PrEP पथ्यापथ्य नियम का अनुसरण कर रहे हैं या आपकी एचआईवी चिकित्सा (एआरवी) हो रही है
13. ***क्या मैं इस परीक्षण से अयथार्थ 'असत्य' सकारात्मक परिणाम प्राप्त कर सकता हूँ?***
    कोई अयथार्थ 'असत्य' परिणाम निम्नलिखित में से किसी भी कारण से प्राप्त हो सकता है:
    - परीक्षण परिणामों को गलत ढंग से पॉज़िटिव पढ़ लेना
    - प्रयोग के लिए निर्देशों का अनुसरण सावधानी से न करना
    - परीक्षण करने से पहले खाने, पीने के बाद 15 मिनट या मुख-देखभाल उत्पादों के प्रयोग के बाद 30 मिनट तक प्रतीक्षा न करना
    - कोई एचआईवी टीका/टीका-द्रव्य ग्रहण करना
    - मुँह से एकत्र करते समय प्रत्येक मसूड़ों पर चपटे/समतल पैड को कई-कई बार फिराना
14. ***मैं एचआईवी के लिए अतिरिक्त सहायता या देखभाल कहाँ प्राप्त कर सकता हूँ?***
    आप अतिरिक्त सहायता किसी स्थानीय क्लिनिक, डॉक्टर या स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर के जरिए प्राप्त कर सकते हैं।
15. ***क्या मैं उस स्थिति में इस परीक्षण का प्रयोग कर सकता हूँ, जब मैं एचआईवी की रोकथाम के लिए दवा ले रहा होऊँ (मौखिक PrEP)?***
    यदि आप एचआईवी के लिए मौखिक PrEP ले रहे हों, तो संभव है कि आप असत्य परिणाम प्राप्त करें।
16. ***मैं यह कैसे कह सकता हूँ कि मेरा परीक्षण सही ढंग से कार्य कर रहा है?***
    यदि आपका परीक्षण सही ढंग से कार्य कर रहा है, तो आप अपने परीक्षण उपकरण पर "सी" के आगे एक लाइन देखेंगे। यदि "सी" के आगे कोई लाइन नहीं है, तो आपके परीक्षण सफल नहीं हुआ।
17. ***क्या मैं गर्भवती होने की स्थिति में इस परीक्षण का प्रयोग कर सकती हूँ?***
    हाँ, यदि आप गर्भवती हैं, तो भी आप किसी समय परीक्षण कर सकती हैं।

### हस्तक्षेपकारी पदार्थ और असम्बद्ध चिकित्सीय स्थितियाँ

मुख द्रव सम्बंधी चिकित्सीय अध्ययनों के अंग के रूप में, प्रतिभागियों से समवर्ती बीमारियों या चिकित्सीय स्थितियों, मुख विकृतियों, गैर-एचआईवी वाइरल संक्रमणों, और अन्य कारकों (उदाहरण के तौर पर, परीक्षण के 24 घंटों के अंदर तंबाकू उत्पादों, माउथवाश के प्रयोग, साथ-साथ ली जाने वाली दवाइयों, दाँत में जड़ी चीजों, और परीक्षण से ठीक पहले खाने-पीने) के बारे में जानकारी एकत्र की गई। 40 व्यक्तियों के एक अलग अध्ययन में, अल्कोहल पीने, दाँतों को माँजने, परीक्षण से 5 मिनट पहले माउथवाश के प्रयोग या तंबाकू पीने का परीक्षण पर कोई विशेष प्रभाव नही दर्शाया गया है। **यदि आप एचबीवी, एचसीवी या एचटीएलबी (I/II) पॉज़िटिव हैं, तो आप असत्य रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं।** संस्तुति की जाती है कि प्रयोक्ता खाने-पीने के बाद 15 मिनट और मुख की देखभाल करने वाले उत्पादों के प्रयोग के बाद 30 मिनट की प्रतीक्षा अवधि तक रुके रहें।

## चिह्नों की व्याख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| LOT बैच कोड | REF कैटलॉग नंबर | ⚠ सुरक्षा उपाय, संलग्न दस्तावेजों को देखें | प्रयोग के लिए दिए गए निर्देशों को पढ़ें |
| पुनः प्रयोग मत करें | IVD *इन विट्रो (शरीर के बाहर)* निदानात्मक चिकित्सीय उपकरण | विनिर्माता/उत्पादक | EXP प्रयोग अवधि समाप्ति तिथि |
| तापमान सीमा | तक प्रयोग करें | | DOM निर्माण की तिथि |

**निम्नलिखित हेतु थाईलैंड में विनिर्मित**

OraSure Technologies, Inc.

220 ईस्ट फ़र्स्ट स्ट्रीट,
बेथलेहम, पीए 18015यूएसए
(+1) 610-882-1820
www.OraSure.com

© 2017 OraSure Technologies, Inc.•OraQuick®, लोगो डिज़ाइन, और संरूपण OraSure Technologies, Inc. के ट्रेडमार्क्स हैं।

आइटम# 3001-3117 संशोधित 01/18